| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| | राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ. ( तहसीलदार लूणी ) <br><br> सू.अ.अ. अपील संख्या 106/2020 | |
| 24.08.20 | अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, निवासी 564, मंगलनगर, गुड़ा विश्नोईयान पं.स. लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 15.06.20 में उसके द्वारा (1) राजस्व ग्राम शिकारपुरा के खसरा नम्बर 721/390 में आंवटित 5 बीघा जमीन खेल मैदान हेतु आंवटित की गई थी उक्त जमीन के चिन्हित करने संबंधित सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतियां कराने व अन्य बिन्दुओ, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी ( तहसीलदार लूणी ) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। <br> अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष ( तहसीलदार लूणी ) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। <br> हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार लूणी ) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है। तथा लोक सूचना अधिकारी ( तहसीलदार लूणी ) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Anop Singh Inda
Date: 2020.11.21 14:00:43 IST
Reason: SelfAttested